न्यायालय उपखण्ड अधिकारी शाहाबाद, जिला बारां राजस्थान

पीठासीन अधिकारी :– श्री मुकेश चन्द्र मीना (आर.ए.एस.)

अपील संख्या 01/23 दायरा दिनांक 06.04.2023

रामचरण पुत्र श्यामा जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां राज0

अपीलांट

बनाम

1–राजकुमारी पत्नि रघुवीर जाति जाटव निवासी कुसेडाकला तहसील मनिया जिला धोलपुर राज0
2–मुन्ना पुत्र धन्ना जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
3–गजनलाल पुत्र जोखा जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
4–पुक्खा पुत्र जोखा जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
5–पप्पू पुत्र जोखा जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
6–तीरसो पत्नि जोखा जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
7–मुकेश पुत्र गब्बू जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
8–गुलाबी पुत्री गब्बू जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
9–कसुमल पुत्री गब्बू जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
10–बुद्दो पुत्री गब्बू जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
11–दक्खो पत्नि गब्बू जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
12–शशिकान्त पुत्र तुला जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
13–पूरम पुत्र तुला जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
14–सुशीला पुत्री तुला जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
15–तीजो पत्नि तुला जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
16–बिष्णु पुत्र ईश्वरलाल जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
17–संजय पुत्र ईश्वरलाल जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
18–परमानन्द पुत्र ईश्वरलाल जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
19–छोटू पुत्र ईश्वरलाल जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
20–गोलू पुत्र ईश्वरलाल जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
21–कपूरी पत्नि ईश्वरलाल जाति जाटव निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला–बारां
22–ग्राम पंचायत मुंडियर जर्ये सरपंच ग्राम पंचायत मुंडियर तहसील शाहावाद जिला–बारां राज0

रेस्पोडेन्टस्

Signature Not Verified
Digitally signed by Mukesh Chandra Meena
Date: 2025.06.18 13:34:23 IST
Reason: SelfAttested

अपील विरुद्ध इंतकाल सं. 37 दिनांक 20.10.2016 ग्राम मुंडियर

निर्णय–दिनांक 15.04.2025

उपस्थित–

1. अपीलांट की ओर से–श्री कुवेर यादव एडवोकेट
2. रेस्पो. क्रम 1 ता 21 की ओर से – श्री अरविन्द शर्मा एडवोकेट

15/04/2025
पीठासीन अधिकारी

अपील के तथ्य इस प्रकार हैं कि ग्राम पिंडासल ग्राम पंचायत मुंडियर स्थित आराजी ख0नं0 7/28 रकबा 12.13 बीघा का नामान्तरकरण विधि विरूद्व होने से निरस्त किये जाने योग्य है। अपीलाधीन नामान्तरकरण हल्का पटवारी द्वारा विक्रयपत्रों की जांच किये बिना तस्दीक किया है। खातेदार श्यामा (मृतक) जिसका वारिस अपीलांट है ने रेस्पो. क्रम 1 राजकुमारी को कभी अपना हिस्सा विक्रय नहीं किया लेकिन हल्का पटवारी ने विक्रय नहीं होने के बावजूद विक्रेताओं के साथ अवैध व विधि विरूद्व रूप से श्यामा का हिस्सा भी रेस्पो. के नाम दर्ज कर दिये जाने से अपीलाधीन नामान्तरकरण निरस्तनीय है। दिनांक 1.4.23 को अपीलांट द्वारा इंतकाल की नकल प्राप्त की तब अपीलांट को अपीलाधीन इंतकाल का ज्ञान हुआ। ज्ञान के अभाव में अपील पेश करने में हुआ बिलम्व सद्भाविक होकर शमनीय है, तिथी जानकारी से अपील अवधि मध्य माननीय न्यायालय में पेश है। अपीलाधीन इंतकाल ग्राम पंचायत मुंडियर द्वारा तस्दीक किये जाने से माननीय न्यायालय को अपील का श्रवणाधिकार व क्षेत्राधिकार प्राप्त है। अपील उचित न्याय शुल्क पर पेश है। अतः अपील पेश कर माननीय न्यायालय से निवेदन है कि इंतकाल सं. 37 दिनांक 20.10.2016 ग्राम पिंडासल को निरस्त फरमाया जाकर अपीलांट का नाम शामिल कर पुनः इंतकाल दर्ज किये जाने का आदेश प्रदान करें।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पो0 की तलबी की गई। उभयपक्ष की वहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलांट का मूल रूप से कथन है कि उसके पिता श्यामा ने भूमि विक्रय नहीं की इसके बावजूद श्यामा का हिस्सा रेस्पो. क्रम 1 राजकुमारी के नाम दर्ज कर दिया गया है, जो जांच का बिषय है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार की जाकर अपीलाधीन नामान्तरकरण नंबर 37 ग्राम पिंडासल दिनांक 20.10.2016 को निरस्त किया जाता है तथा प्रकरण तहसीलदार शाहावाद को इस निर्देश के साथ रिमाण्ड किया जाता है कि विक्रयपत्र दिनांक 10.09.15, 23.12.15 की जांच कर तथा अपीलाण्ट को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुये पुनः नामान्तरकरण दर्ज करें। पालनार्थ तहसीलदार शाहावाद को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 15.04. 2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। प्रकरण पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

15/04/2025

उपखण्ड अधिकारी
शाहाबाद जिला बारां (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Mukesh Chandra Meena
Date: 2025.06.18 13:34:23 IST
Reason: SelfAttested